बिहार सरकार
खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग

पत्रांक– प्र04 / ख0वि0अधि0 01 / 2004 9387 खाद्य / पटना / दिनांक– 10/12/2014

FAX / E-Mail

प्रेषक,

हुकुम सिंह मीना,
सरकार के सचिव।

सेवा में,

सभी प्रमंडलीय आयुक्त।
सभी जिला पदाधिकारी।

विषय :– विकेन्द्रीकृत अधिप्राप्ति (डी0सी0पी0) व्यवस्था के माध्यम से खरीफ विपणन मौसम 2014–15 अंतर्गत धान / चावल की अधिप्राप्ति कार्यक्रम हेतु कार्ययोजना एवं मार्ग–निर्देश में आंशिक संशोधन के संबंध में।

प्रसंग :– विभागीय पत्रांक 8785 दिनांक 19.11.2014

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासांगिक पत्र एवं दिनांक 08.12.2014 को मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में सम्पन्न विडियो कॉन्फ्रेसिंग के दौरान जिला पदाधिकारी, आरा, पटना एवं जिला सहकारिता पदाधिकारी, रोहतास एवं आरा के अनुरोध पर सम्यक विचारोपरांत सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि किसानों से क्रय किये गये धान की कीमत का भुगतान प्राथमिक सहयोग समितियों (पैक्स) के अध्यक्षों के द्वारा **आर0टी0जी0एस0 / एन0ई0एफ0टी0** के माध्यम से दो कार्य दिवस के अंदर भुगतान कर दिया जाय। यदि दो दिनों के अंदर किसानों को भुगतान नही होता है, तो भुगतान का अधिकार विभागीय पत्रांक 8785 दिनांक 19.11.2014 के द्वारा जारी मार्ग–निर्देश के अनुसार किया जायेगा।

2. यह व्यवस्था पूर्व में लिये गये निर्णय के आलोक में **पटना, नालंदा, भोजपुर, सासाराम, बेगूसराय, कैमूर, औरंगाबाद, गया** एवं **नवादा** में तत्काल प्रभाव से लागू की जायेगी। अन्य जिलों में भी यथासंभव **आर0टी0जी0एस0 / एन0ई0एफ0टी0** से भुगतान किया जायेगा। यह व्यवस्था संभव नही होने पर ही एकाउंट पेयी चेक के माध्यम से किसानों को भुगतान होगा।

3. अतः उक्त आदेश के आलोक में समुचित कार्रवाई अविलंब सुनिश्चित किया जाय।

विश्वासभाजन

सरकार के सचिव।
10/12/2014

ज्ञापांक प्र04 / ख0वि0अधि0 01 / 2004 9387 खाद्य / पटना / दिनांक– 10/12/2014
प्रतिलिपि – सभी जिला के प्रभारी प्रधान सचिव / सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के सचिव।
10/12/2014

D:/ food supply sec-2 Direc 2014

ज्ञापांक प्र04 / ख0वि0अधि0 01 / 2004 9387 खाद्य / पटना / दिनांक– 10/12/2014
प्रतिलिपि – प्रशासक, बिहार राज्य सहकारी बैंक लि0, पटना / प्रधान सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना / निबंधक, सहयोग समितियॉ, बिहार, पटना / प्रबंध निदेशक, राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लि0, सोन भवन पटना एवं महाप्रबंधक, भारतीय खाद्य निगम, पटना को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के सचिव।
10/12/2014

ज्ञापांक प्र04 / ख0वि0अधि0 01 / 2004 9387 खाद्य / पटना / दिनांक– 10/12/2014
प्रतिलिपि – सचिव, ,खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग, भारत सरकार, कृषि भवन, नई दिल्ली को सूचनार्थ प्रेषित।

सरकार के सचिव।
10/12/2014